# इंडिया एनर्जी मॉडलिंग फोरम

## प्रीलिम्स के लिये

यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक एनर्जी पार्टनरशिप, नीतिआयोग, यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट,, इंडिया एनर्जी मॉडलिंग फोरम

## मेन्स के लिये

भारत-अमेरिका ऊर्जा सहयोग

## चर्चा में क्यों?

'यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक एनर्जी पार्टनरशिप' (US–India Strategic Energy Partnership) के तहत नीतिआयोग और 'यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' (United States Agency for International Development- USAID) द्वारा इंडिया एनर्जी मॉडलिंग फोरम (India Energy Modelling Forum- IEMF) के गठन की दिशा में नीतिआयोग ने 8 अक्तूबर,2020 को इसकी प्रशासनिक संरचना को घोषित कर दिया।

## प्रमुख बिंदु:

- यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक एनर्जी पार्टनरशिप के तहत सतत् विकास स्तंभों के तौर पर IEMF का लक्ष्य भारतीय शोधकर्त्ताओं, ज्ञान संपदा साझेदारों, थिंक टैंक, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सरकारी एजेंसियों और विभागों को मॉडलिंग एवं दीर्घकालिक ऊर्जा योजना से जोड़ना है।

## IEMF की प्रशासनिक संरचना:

- IEMF की प्रशासनिक संरचना में एक अंतर-मंत्रालयी और एक संचालन समिति शामिल है। अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठक नीतिआयोग द्वारा बुलाई जाएगी और इसकी अध्यक्षता मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) करेगा।
- इसमें पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (The Ministry of Petroleum & Natural Gas), विद्युत मंत्रालय (The Ministry of Power), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (The Ministry of New and Renewable Energy-MNRE) कोयला मंत्रालय (The Ministry of Coal), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (The Ministry of Environment, Forest and Climate Change- MoEFCC) और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (Department of Science and Technology) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।
- **संचालन समिति इन प्रतिनिधियों से मिलकर बनेगी-**
    - सरकार (वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, तकनीक सूचना पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन काउंसिल, कोयला संग्राहक संगठन, पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण कोष्ठ, केंद्रीय बिजली प्राधिकरण और नीतिआयोग) के प्रतिनिधि।
    - उद्योग संगठन (फिक्की एवं भारतीय उद्योग परिसंघ)
    - अकादमिक क्षेत्र (आईआईटी बॉम्बे, अहमदाबाद और दिल्ली)
    - नीतिगत शोध संस्थान, थिंक टैंक और फंडिंग एजेंसी

## समिति के कार्य:

- यह समिति अध्ययन हेतु नीतिगत मुद्दों की खोज करेगी और विशिष्ट अध्ययनों/मॉडलिंग अभ्यासों के आधार पर विभिन्न कार्यबल (टास्क फोर्स) का भी गठन कर सकेगी।
- इस समिति के संयोजक को दो वर्ष के लिये रोटेशनल आधार पर चुना जाएगा जो अंतर-मंत्रालयी व संचालन समितियों और कार्यकारी समूहों/कार्यबलों के बीच संपर्क बिंदु के रूप में काम करेगा।
- पुणे स्थित प्रयास समूह (Prayas Energy Group) संचालन समिति का पहला संयोजक होगा।
- यह समिति अध्ययन/मॉडलिंग गतिविधियों की समीक्षा करेगी और अनुसंधान को दिशा देने के साथ नए क्षेत्र भी उपलब्ध कराएगी।

## भारत-अमेरिका ऊर्जा सहयोग:

- ऊर्जा क्षेत्र में भारत और अमेरिका की दीर्घकालिक स्थायी साझेदारी है।
- यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एनर्जी पार्टनरशिप के चार सतत् विकास स्तंभों में से एक सतत् विकास स्तंभ की अध्यक्षता नीति आयोग और USAID मिलकर कर रहे हैं।
- यह स्तंभ भारत और अमेरिका के शोधकर्त्ताओं एवं निर्णयकर्त्ताओं को ऊर्जा डेटा प्रबंधन; एनर्जी मॉडलिंग और कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन जैसे तीन प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग करने के लिये एक साथ जोड़ता है।
- IEMF को ऊर्जा मॉडलिंग के क्षेत्र के तहत शुरू किया गया था।
- IEMF को स्टैनफोर्ड एनर्जी मॉडलिंग फोरम (Stanford Energy Modelling Forum) और यूरोप के एनर्जी मॉडलिंग प्लेटफॉर्म ( Modelling Forum and Energy Modelling Platform for Europe) जैसी ग्लोबल एनर्जी मॉडलिंग फोरम के साथ साझेदारी से श्रेष्ठ कार्य व्यवहार साझा करने और सीखने की उम्मीद है।

## स्रोत- पीआईबी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-energy-modelling-forum